बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.
वीरचन्द पटेल पथ / Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / Phone : - +91-612-2222622 फैक्स नं० / Fax No: - 0612-2506218
CIN: U63040BR1980SGC001486, Web: www.bstdc.gov.in E-mail: contactbstdc@gmail.com

संचिका सं0– 03/62/H&C/Estt/13-14/3026/25 दिनांक.–15.09.2025

# अल्प अवधि निविदा

## खुली डाक/निलामी की सूचना

बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना के अधीनस्थ इकाई आकाशीय रज्जूपथ, राजगीर (नालन्दा) की पुरानी अनुपयोगी सामाग्रियों की बिक्री खुली डाक के माध्यम से निम्न प्रकार से की जायेगी:–

| क्र | इकाई का नाम | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि | निविदा प्रपत्र की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आकाशीय रज्जू पथ, राजगीर, नालन्दा | 26.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक | 26.09.2025 अपराह्न 4:00 बजे | ₹ 500.00 | ₹ 5000.00 |

इच्छुक व्यक्ति खुली डाक में भाग लेकर निलामी में भाग ले सकते हैं। सामानों का निरीक्षण आकाशीय रज्जू पथ, राजगीर (नालन्दा) के प्रबंधक से सम्पर्क कर किया जा सकता है। आवेदन के साथ पहचान पत्र एवं पैन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा अन्यथा निलामी में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।

निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को निगम द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अलग–अलग लिफाफे में आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ जमानत के रूप में राशि 5000/– का बैंक ड्राफ्ट ''बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना'' को भुगतेय विहित प्रपत्र में जमा करना होगा। डाक में असफल रहने पर उक्त राशि वापस कर दी जायेगी एवं उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र इकाई के समक्ष उल्लेखित तिथि को 2:00 बजे अपराह्न संबंधित इकाई में जमा की जायेगी। यह सूचना, निलामी किए जाने वाले सामाग्रियों की सूची एवं प्रपत्र निगम के वेबसाईट–www.bstdc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है एवं प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र हेतु ₹ 500.00 का बैंक ड्राफ्ट आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है। यह राशि लौटायी नहीं जायेगी।

निलामी उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा। निलामी की समाप्ति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को डाक की सम्पूर्ण राशि की आधी राशि उसी दिन तथा बकाया राशि एक सप्ताह के अंदर जमा करना होगा। सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद में उन्हें निलामी की सामग्री ले जाने हेतु परवाना निर्गत किया जायेगा। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर जमानत की राशि एवं जमा आधी राशि जब्त कर ली जायेगी। विशेष जानकारी हेतु **नोडल पदाधिकारी, श्री दीपक कुमार (प्रबंधक, आकाशीय रज्जू पथ, राजगीर), मो0–8544418404/8987373195** से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना को बिना कारण बताए डाक/निलामी रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

ह0/–
(चंदन चौहान)
महाप्रबंधक

**बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि॰, पटना की आकाशीय रज्जूपथ, राजगीर, नालन्दा के पुराने सामाग्रियों की निलामी हेतु प्रपत्र**

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. वर्त्तमान एवं स्थाई पता :–

(कृपया आवासीय प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

4. दूरभाष संख्या :–
5. बोली लगाये जाने वाली सामाग्रियो की सूची :–

| क्र॰ | विवरणी | मात्रा | न्यूनतम दर | निविदादाता द्वारा दिया गया दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना रोप | संभावित वजन 5 टन | ₹ 26/- प्रति किलो ग्राम | |

6. निलामी उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।
7. निविदा प्रपत्र शुल्क के रूप में रू॰ 500/– (रू॰ पाँच सौ मात्र) के लिए डी॰डी॰, ''बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि॰, पटना'' में भुगतेय के नाम से इस प्रपत्र के साथ जमा करनी है।
8. अर्नेस्ट मनी के रूप में रू॰ 5000/– (रू॰ पाँच हजार मात्र) के लिए डी॰डी॰, ''बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि॰, पटना'' में भुगतेय के नाम से इस प्रपत्र के साथ जमा करनी है।
9. सामाग्रियों को गंतव्य स्थान से ले जाने की जबाबदेही स्वयं आवेदक की होगी, इसमें किसी भी प्रकार की व्यय की राशि का भुगतान पर्यटन निगम द्वारा देय नहीं होगा।
10. आवेदन के साथ निम्नांकित अभिलेख/प्रमाण पत्रों की प्रति की अभि प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें:–
    - पैन कार्ड की छाया प्रति।
    - आवासीय पता का प्रमाण पत्र यथा राशन कार्ड का छाया प्रति, चुनाव आयोग का फोटो आईडेन्टिटी कार्ड की छायाप्रति या अन्य प्रमाण पत्र।

आवेदन का अण्डरटेकिंग :–

- मेरे द्वारा नियमावली एवं अन्य नियम एवं शर्त्ते अच्छी तरह पढ़ने/समझने के उपरान्त यह आवेदन दिया जा रहा है। निगम द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्त्तो के अनुसार पुरानी वस्तुओं के खरीद में भाग लेने की अपनी सहमति देता/देती हूँ।
- मेरे द्वारा इस आवेदन में भरें गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख अथवा प्रमाण–पत्र मेरे जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी भी स्तर पर इन्हें गलत पाये जाने पर निगम यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वत होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**